# एम. ए. (पत्रकारिता एवं जनसंचार)

## (एमएजेएमसी द्वितीय वर्ष)

## असाइनमेंट (सत्रीय कार्य)
## जनवरी एवं जुलाई 2024 सत्र

**MJM -026**

**MJM -027**

**MJM -028**

**MJM -029**

**MJM -030**

**MJM -031**


**पत्रकारिता एवं नवीन मीडिया अध्ययन विद्यापीठ**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**

**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068**

# एमजेएमसी असाइनमेंट (सत्रीय कार्य/Assignment)

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको आठ पाठ्यक्रमों में से प्रत्येक में एक सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) जमा करना होगा। सत्रीय कार्य का प्रयास करने से पहले, कृपया प्रोग्राम गाइड में दिए गए विस्तृत निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

जमा करने की अंतिम तिथि प्रत्येक सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) में दी गई है। कृपया ध्यान दें कि आपको सत्रांत (TEE) परीक्षा में भाग लेने की पात्रता प्राप्त करने के निर्धारित समय के भीतर **अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक** के पास इन सत्रीय कार्यों (असाइनमेंट) को जमा करना होगा।

आपको सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) के पहले पृष्ठ पर अपनी **नामांकन संख्या**, **नाम**, **पता**, **असाइनमेंट कोड और अध्ययन केंद्र कोड** का उल्लेख करना होगा। आपको जमा किए गए सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) **के लिए अध्ययन केंद्र से एक रसीद** प्राप्त करनी होगी और इसे अपने पास सुरक्षित रखना होगा। सत्रीय कार्य की फोटोकॉपी भी अपने पास अवश्य रखें।

मूल्यांकन के बाद, सत्रीय कार्य को अध्ययन केंद्र द्वारा आपको वापस करना होगा। कृपया इस पर जोर **दें और अपने पास एक रिकॉर्ड रखें**। आपके द्वारा प्राप्त अंक अध्ययन केंद्र द्वारा इग्नू, नई दिल्ली में एसईडी को भेजे जाएंगे।

## सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) करने के लिए दिशानिर्देश

सत्रीय कार्य में दिए गए प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार दें। आपको निम्नलिखित बातों को ध्यान रखना चाहिए :

**योजना**: पहले अध्ययन सामग्री को ध्यान से पढ़ें, कार्यक्रम के लिए आयोजित टेलीकॉन्फ्रेंसिंग सत्रों और इंटरैक्टिव रेडियो परामर्श सत्रों में भाग लें; यदि आवश्यक हो तो आप अध्ययन केंद्र / क्षेत्रीय केंद्र से विवरण प्राप्त कर सकते हैं। फिर सत्रीय कार्य में दिए गए सभी प्रश्नों को ध्यान से पढें। उन इकाइयों को भी देखें जिन पर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के बारे में कुछ बिंदु बनाएं और फिर उन्हें तार्किक क्रम में पुनर्व्यवस्थित करें।

**संगठन**: अपने उत्तर की एक मोटी रूपरेखा खींचें। अपने उत्तर के लिए जानकारी/सूचना के चयन में विश्लेषणात्मक रहें। परिचय और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। सुनिश्चित करें कि उत्तर :

- तार्किक और सुसंगत हो;
- वाक्यों और अनुच्छेदों में जानकारी का उचित प्रवाह हो; और
- आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए सही ढंग से लिखा गया हो।

**प्रस्तुति**: एक बार जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाते हैं, तो उसे अंतिम रूप दे सकते हैं। प्रत्येक उत्तर को बड़े करीने से लिखने का प्रयास करें।

शुभकामनाओं के साथ,

**डॉ. रमेश यादव और डॉ. अमित कुमार**
**कार्यक्रम समन्वयक**
**एम. ए. (पत्रकारिता एवं जनसंचार)**

# एम.ए. (पत्रकारिता और जनसंचार) - II असाइनमेंट

## (जनवरी एवं जुलाई 2024 सत्र)

## एमजेएम-026: प्रिंट मीडिया

## कोर्स कोड: एमजेएम-026

**अंतिम तिथि: सत्रांत परीक्षा जून के लिए 31 मार्च एवं सत्रांत परीक्षा दिसंबर के लिए 30 सितंबर ।**

**अंतिम तिथि पर नवीनतम जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें।**

**असाइनमेंट कोड: एमजेएम-026 /जनवरी 24/जुलाई 24**

अधिकतम अंक: 100 वेटेज: 30%

---

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**सभी प्रश्नों के समान अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न को लगभग 500 शब्दों में लिखें।**

---

1. पर्यावरण समाचार के विभिन्न स्रोत क्या हैं ? उदाहरण सहित चर्चा करें। 20

2. संघर्ष संवेदनशील (conflict sensitive) रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण रणनीतियों पर चर्चा करें।20

3. निम्नलिखित शब्दों को स्पष्ट करें (प्रत्येक 150 शब्द): 4x5=20
   a. जीडीपी
   b. शून्यकाल
   c. प्रश्नकाल
   d. मुद्रा स्फ़ीति

4. कृषि संबंधी किसी भी मुद्दे पर एक समाचार रिपोर्ट लिखें। 20

5. किन्हीं दो पर लघु नोट लिखें। (प्रत्येक 250 शब्द) 2 x 10 = 20
   क. बैकग्राउंडर
   ख. फ़िल्म समीक्षा
   ग. ग्राफ़िक डिज़ाइन के तत्व
   घ. लंबवत विस्तार मॉडल (Vertical Expansion Model)

## एम.ए. (पत्रकारिता और जनसंचार) - II असाइनमेंट

## (जनवरी एवं जुलाई 2024 सत्र)

## एमजेएम-027: इलेक्ट्रॉनिक मीडिया

## कोर्स कोड: एमजेएम-027

**अंतिम तिथि: सत्रांत परीक्षा जून के लिए 31 मार्च एवं सत्रांत परीक्षा दिसंबर के लिए 30 सितंबर ।**

**अंतिम तिथि पर नवीनतम जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें।**

**असाइनमेंट कोड: एमजेएम-027 /जनवरी 24/जुलाई24**

अधिकतम अंक: 100 वेटेज: 30%

---

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सभी प्रश्नों के समान अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न को लगभग 500 शब्दों में लिखें।

---

1. थ्री-पॉइंट लाइटिंग क्या है ? चित्र सहित समझाइये। (600 शब्द)
2. तिहाई का नियम (Rule of Thirds) का उपयोग कर दो तस्वीरें खींचें और उनके प्रिंटआउट (रंगीन या श्वेत-श्याम) संलग्न करें। आप तस्वीरें लेने के लिए स्मार्टफोन सहित किसी भी प्रकार के कैमरे का उपयोग कर सकते हैं।

3. निम्नलिखित शब्दों का वर्णन करें: (प्रत्येक 150 शब्द)

   1) डॉली
   2) आईएसओ
   3) टिल्ट
   4) डॉली ज़ूम
   5) एफएम

4. फोटोग्राफी संयोजन (Photography Composition) के विभिन्न तत्वों का वर्णन करें। (600 शब्द)

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें: (प्रत्येक 150 शब्द)

   a) फ़ोन-इन कार्यक्रम
   b) 180 डिग्री नियम
   c) प्रॉडक्शन डिज़ाइन
   d) प्रॉडक्शन मैनेजमेंट

**एम.ए. (पत्रकारिता और जनसंचार) - II असाइनमेंट**

**(जनवरी एवं जुलाई 2024 सत्र)**

**एमजेएम-028: डिजिटल मीडिया**

**कोर्स कोड: एमजेएम-028**

**अंतिम तिथि: सत्रांत परीक्षा जून के लिए 31 मार्च एवं सत्रांत परीक्षा दिसंबर के लिए 30 सितंबर । अंतिम तिथि पर नवीनतम जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें।**

**असाइनमेंट कोड: एमजेएम-028 /जनवरी24/जुलाई24**

अधिकतम अंक: 100 वेटेज: 30%

---

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सभी प्रश्नों के समान अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न को लगभग 500 शब्दों में लिखें।

---

1. निम्नलिखित शब्दों की व्याख्या करें: (प्रत्येक 300 शब्द)

क. आभासी समुदाय

ख. एक्टर-नेटवर्क सिद्धांत

2. डिसइन्फॉर्मेशन, मिसइन्फॉर्मेशन एवं माल-इन्फॉर्मेशन - इन शब्दों से आप क्या समझते हैं ? इन शब्दों को उपयुक्त उदाहरणों सहित समझाइये। वास्तविक उदाहरण देने का प्रयास करें जो आपने हाल ही में देखा है।

3. कुछ सोशल मीडिया शिष्टाचारों पर चर्चा करें जिनका सोशल मीडिया पर संचालन करते समय पालन करना चाहिए।

4. अपनी पसंद के भारत के किन्हीं दो विश्वविद्यालयों के वेब पोर्टल का चयन करें। इन दो चयनित वेब पोर्टलों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की तुलना करें। (अपने चुने हुए वेब पोर्टल के स्क्रीनशॉट संलग्न करें)।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें: (प्रत्येक 300 शब्द)

क. ऑनलाइन ऐक्टिविज़्म ख. नागरिक पत्रकारिता ग. आईसीटी सक्षम शिक्षा घ. ई-गवर्नेंस के मॉडल

**एम.ए. (पत्रकारिता और जनसंचार) - II असाइनमेंट**

**(जनवरी एवं जुलाई 2024)**

**एमजेएम-029: विज्ञापन और जनसंपर्क**

**कोर्स कोड: एमजेएम-029**

**अंतिम तिथि: सत्रांत परीक्षा जून के लिए 31 मार्च एवं सत्रांत परीक्षा दिसंबर के लिए 30 सितंबर ।**

**अंतिम तिथि पर नवीनतम जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें।**

**असाइनमेंट कोड: एमजेएम-029 /जनवरी24/जुलाई24**

अधिकतम अंक: 100 वेटेज: 30%

---

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सभी प्रश्नों के समान अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न को लगभग 500 शब्दों में लिखें।

---

1. अपनी पसंद का कोई भी हालिया विज्ञापन अभियान चुनें। उपयोग की गई अपीलों की पहचान करें और चर्चा करें कि ये लक्षित दर्शकों और अभियान उद्देश्यों के साथ कैसे संरेखित होती हैं। अपने विश्लेषण के आधार पर अभियान को बेहतर बनाने के लिए अनुशंसाएँ प्रदान करें।

2. उपयुक्त उदाहरणों के साथ चर्चा करें कि कैसे विचारशीलता (ideation) और कॉपी राइटिंग एक सम्मोहक संदेश देने में योगदान करती है।

3. एक विज्ञापन एजेंसी की संरचना और कार्यप्रणाली का वर्णन करें।

4. किसी भी उत्पाद लॉन्च इवेंट के लिए एक प्रेस विज्ञप्ति तैयार करें।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें (प्रत्येक 300 शब्द):

क. संदेश भार (Message Weight)

ख. आंतरिक जनता (इंटरनल पब्लिक)

ग. सीएसआर

घ. कारपोरेट छवि

**एम.ए. (पत्रकारिता और जनसंचार) - II असाइनमेंट**

**(जनवरी एवं जुलाई 2024)**

**एमजेएम-030: मीडिया एवं संचार सिद्धांत**

**कोर्स कोड: एमजेएम-030**

**अंतिम तिथि: सत्रांत परीक्षा जून के लिए 31 मार्च एवं सत्रांत परीक्षा दिसंबर के लिए 30 सितंबर। अंतिम तिथि पर नवीनतम जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें।**

**असाइनमेंट कोड: एमजेएम-030 /जनवरी24/जुलाई24**

अधिकतम अंक: 100 वेटेज: 30%

---

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सभी प्रश्नों के समान अंक हैं, प्रत्येक प्रश्न को लगभग 600 शब्दों में लिखें।

---

1. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखें (प्रत्येक 300 शब्द):

a. मास्लो की आवश्यकताओं का पदानुक्रम

b. संचार का दो-चरणीय प्रवाह

2. सांस्कृतिक साम्राज्यवाद से आप क्या समझते हैं ? भारतीय संदर्भ में सांस्कृतिक साम्राज्यवाद में मीडिया की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करें।

3. मीडिया निर्भरता (Media Dependency) सिद्धांत को विस्तार से समझाइये। उपयुक्त उदाहरणों का प्रयोग करें।

4. एक सप्ताह के एक राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्र लें और उनमें पहले पन्ने की खबरों का अध्ययन करें। फिर तुलना करें और एक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट बनाएं कि मीडिया द्वारा बनाया गया एजेंडा दोनों के लिए कैसे भिन्न है। आप महत्वपूर्ण समाचारों की कतरनें चिपका सकते हैं।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें (प्रत्येक 150 शब्द):

क. चयनात्मक धारणा (Selective Perception)

ख. संज्ञानात्मक असंगति (Cognitive Dissonance)

ग. तकनीकी नियतिवाद (Technological Determinism)

घ. श्रोता अनुसंधान

च. फ्रैंकफर्ट स्कूल

छ. गुप्त प्रेरण (Hidden Persuasion)

## एम.ए. (पत्रकारिता और जनसंचार) - II असाइनमेंट

## (जनवरी एवं जुलाई 2024)

## एमजेएम-031 संचार शोध पद्धतियाँ

## कोर्स कोड: एमजेएम-031

**अंतिम तिथि: सत्रांत परीक्षा जून के लिए 31 मार्च एवं सत्रांत परीक्षा दिसंबर के लिए 30 सितंबर ।**

**अंतिम तिथि पर नवीनतम जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें।**

**असाइनमेंट कोड: एमजेएम-031/जनवरी24/जुलाई24**

अधिकतम अंक: 100 वेटेज: 30%

---

**नोट:** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में लिखें।

---

1. भारतीय संस्कृति और मीडिया के विभिन्न पहलुओं पर कम से कम पाँच शोध पत्रों/पुस्तकों/शोध प्रबंधों का हवाला देते हुए एक साहित्य समीक्षा लिखें। एपीए शैली में संदर्भ भी लिखें।

2. विभिन्न प्रकार के गैर-संभाव्यता (non-probability) नमूना चयन पर चर्चा करें।

3. राष्ट्रीय टेलीविजन चैनलों की प्राइम टाइम सामग्री के बारे में दर्शकों की राय जानने के लिए लगभग 15 प्रश्नों के साथ एक सर्वेक्षण प्रश्नावली बनाएँ।

4. सामग्री विश्लेषण/अंतर्वस्तु विश्लेषण के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें (प्रत्येक 150 शब्द):
   क. योगात्मक अनुसंधान
   ख. शोध प्रश्न
   ग. प्रश्नावली का पूर्व परीक्षण
   घ. नियंत्रण समूह (कंट्रोल ग्रुप)
   च. ओर्डिनल स्केल